**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-29**
उत्तर देने की तारीख-03/02/2025

**मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालय और पीएम-श्री स्कूल**

**†29. श्री विष्णु दत्त शर्मा:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

**(**क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश के खजुराहो लोक सभा संसदीय क्षेत्र में**,** विशेषकर कटनी और खजुराहो जिले में**,** केन्द्रीय विद्यालय (केवी) और प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (पीएम-श्री) स्कूल स्थापित करने की स्वीकृति दे दी है**;**
**(**ख) यदि हां**,** तो सरकार द्वारा इस परियोजना को पूरा करने के लिए उठाए गए कदमों और इसकी वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है तथा उक्त विद्यालयों के कार्यन्वयन के लिए क्या समय-सीमा तय की गई है**;** और
**(**ग) यदि नहीं**,** तो इसके क्या कारण हैं**?**

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी**

(क) से (ग) केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में, मध्य प्रदेश राज्य में 112 केन्द्रीय विद्यालय (केवि) कार्यरत हैं, जिनमें खजुराहो संसदीय क्षेत्र में 03 केवि शामिल हैं।

पीएम श्री योजना का उद्देश्य केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित मौजूदा स्कूलों को मजबूत करके 14500 से अधिक स्कूल स्थापित करना है। इन स्कूलों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सभी पहलों को प्रदर्शित करना है और समय के साथ अनुकरणीय स्कूल के रूप में उभरना है, साथ ही पड़ोस के अन्य स्कूलों को नेतृत्व प्रदान करना है। यह योजना मौजूदा स्कूलों में बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं जैसे आईसीटी लैब, विज्ञान लैब, डिजिटल

लाइब्रेरी, लैब उपकरण, स्मार्ट क्लास रूम, एलईडी लाइटिंग आदि को और मजबूत करने/सुधारने पर भी ध्यान केंद्रित करती है।

मध्य प्रदेश में पीएम श्री चयन प्रक्रिया में कुल 879 स्कूलों का चयन किया गया है, जिसमें 86 केवि और 53 नवोदय विद्यालय शामिल हैं। खजुराहो संसदीय क्षेत्र में 30 पीएम श्री स्कूल हैं, जिनमें 03 केवि जैसे पीएम श्री केवि (एनकेजे) कटनी, पीएम श्री केवि (ओएफ) कटनी और पीएम श्री केवि पन्ना शामिल हैं । इस संसदीय क्षेत्र में ये सभी 03 मौजूदा केवि अपने स्थायी विद्यालय भवनों में कार्यरत हैं।

भारत सरकार ने हाल ही में देश भर में नागरिक/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत 85 नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने और एक मौजूदा केन्द्रीय विद्यालय अर्थात केन्द्रीय विद्यालय शिवमोग्गा, जिला शिवमोग्गा, कर्नाटक के विस्तार के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया है, जिसमें खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत खजुराहो, जिला छतरपुर और झिंझरी, जिला कटनी में 02 केन्द्रीय विद्यालयों सहित सभी वर्गों में 2 अतिरिक्त सेक्शन जोड़ना शामिल है। तदनुसार, केविसं ने मध्य प्रदेश सरकार और संबंधित जिला प्राधिकारियों से खजुराहो, जिला छतरपुर और झिंझरी, जिला कटनी में नव स्वीकृत केवि को कार्यात्मक बनाने के लिए केविसं के मानदंडों के अनुसार उपयुक्त भूमि के निःशुल्क हस्तांतरण और उपयुक्त किराया मुक्त अस्थायी आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

*****